

# सत्ता-पावर और पैसे की दम पर हूटर

**खास बातें**

- अधिकांश लग्जरी कारों में लगा रखे हैं हूटर
- ब्लैक फिल्म के साथ होती है सवारी, कानून को रखा ताक पर
- जांच में बच निकलते हैं पावरफुल, आरटीओ बेबस



नवभारत न्यूज

**विदिशा 14 फरवरी, सत्ता हो या फिर पावर जिसकी दम पर आप अपने चार पहिया वाहन में हूटर लगाकर अपना रूतबा दिखा सकते हो क्योंकि जो जिम्मेदार हैं वे सत्ता,पावर और पैसे के आगे बेबस नजर आ रहे हैं.कई लग्जरी कारें ऐसी हैं जिनमें हूटर लगे हुये, जिनके आगे लगी नम्बर प्लेट पर नम्बर नहीं होते बल्कि जनप्रतिनिधि के पदों का जिक्र होता है.भले ही उस वाहन में उस पद से जुड़ा हुआ कोई भी सख्श कोई भी मौजूद न हो लेकिन हूटर बजाती हुयी गाड़ी शहर से निकल जाती है. इसकी जांच करने के लिये जो जिम्मेदार लोग हैं वह खुद को हूटर और नम्बर प्लेट को देखकर बेबस महसूस करते हैं.ऐसा ही मामला कुछ दिन पहले स्वामी विवेकानंद चौराहा से सामने आया.**

एक लग्जरी कार थी जिसके आगे सांसद लिखा हुआ था और उस कार में बच्चे बैठे हुये थे . कार की जो नम्बर प्लेट थी. वह कार ईदगाह चौराहे स्थित चौकी के सामने से निकली लेकिन गाड़ी के आगे लगी नम्बर प्लेट और हूटर की आवाज सुनने के बावजूद न तो किसी पुलिस कर्मी ने कोई जांच की और न ही मामले को आगे बढ़ाया. इस पूरे मामले में जब जिला परिवहन अधिकारी से बात की तो उनका भी बेबसीभरा जबाव सामने आया कि हमारे पास अधिकार नहीं हैं हम सिर्फ जुर्माना कर 500 रूपये की रसीद काट सकते हैं.

विदिशा जिले में वीआईपी कल्चर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है.शासन-प्रशासन भले ही कानून के सामने सभी को समान बताने के दावे करे, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है.जिले में कई जनप्रतिनिधि और प्रभावशाली लोग नियमों को ताक पर रखकर अपनी गाड़ियों पर नंबर प्लेट में फेरबदल करने वाले उपकरण (फ्लिप नंबर प्लेट) और अवैध हीटर व फ्लैशर लगाकर सड़कों पर खुलेआम घूम रहे हैं.इससे न केवल कानून का मखौल उड़ाया जा रहा है, बल्कि आम जनता को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

नियमों के अनुसार किसी भी निजी या सरकारी वाहन पर नंबर प्लेट से छेड़छाड़ करना, नंबर छिपाने या बदलने वाले उपकरण लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित है.इसके बावजूद जिले की सड़कों पर ऐसी गाड़ियां धड़ल्ले से दौड़ती दिखाई दे रही हैं.बताया जा रहा है कि वीआईपी रुतबे और दबाव के चलते इन पर कार्रवाई करने से पुलिस और परिवहन विभाग कतराता है.नतीजतन आम नागरिक मामूली गलती पर चालान और कार्रवाई के डर में रहता है, जबकि प्रभावशाली लोग बेखौफ होकर नियम तोड़ते नजर आते हैं.

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन गाड़ियों पर लगे तेज फ्लैशर, हीटर और सायरन के कारण सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है. कई बार ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है और आम वाहन चालकों को जबरन रास्ता देना पड़ता है.इससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ रही है. लोगों का सवाल है कि जब कानून सबके लिए समान है, तो फिर चुनिंदा लोगों को विशेष छूट क्यों दी जा रही है.जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो वीआईपी कल्चर और अधिक हावी होगा. इससे जनता में यह संदेश जाएगा कि कानून सिर्फ कमजोरों के लिए है. अब जरूरत है कि प्रशासन बिना किसी दबाव के नियम तोड़ने वालों पर कठोर कार्रवाई करे, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और कानून का सम्मान बना रहे.

## बेतवा को नमामि गंगे परियोजना में समुचित रूप से शामिल करने की मांग



नवभारत न्यूज

**विदिशा 14 फरवरी, सांस्कृतिक गौरव उत्थान सिविल सोसाइटी ने कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर जीवनदायिनी मां बेतवा नदी को नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत समुचित रूप से शामिल किए जाने की मांग की.संगठन ने नदी को परियोजना में शामिल किए जाने पर भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हालिया सर्वे में अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल नहीं किया गया है.**

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि विदिशा शहर में पीलिया नाला (अपस्ट्रीम), चोर घाट नाला, गुठान वाला नाला, गौशाला वाला नाला, कब्रिस्तान का नाला एवं जतरापुरा नाला सीधे बेतवा नदी में गिरकर उसे प्रदूषित कर रहे हैं. इन नालों की रोकथाम हेतु प्रभावी एवं स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई.साथ ही रंगई हनुमान घाट, त्रिवेणी घाट, राम घाट, बहराबाबा घाट, महल घाट, बढवाला घाट, मुक्तिधाम घाट, चरणतीर्थ घाट एवं नौलखी घाट के पुनरुत्थान एवं सौंदर्यीकरण को भी नमामि गंगे परियोजना में शामिल करने का आग्रह किया गया.सिविल सोसाइटी ने दिनांक 5 फरवरी को किए गए सर्वे को अपूर्ण बताते हुए नागरिकों के सुझाव शामिल करने की मांग की, ताकि शासन द्वारा स्वीकृत राशि का पारदर्शी एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके.इस अवसर पर सिविल सोसाइटी द्वारा बेतवा नदी के बढवाला घाट, राम घाट, चरणतीर्थ घाट एवं कालिदास डेम से एकत्रित जल माननीय कमिश्नर को सौंपा गया तथा जल गुणवत्ता की मानक परीक्षण कराए जाने की मांग की गई, जिससे नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके.


ज्ञापन सौंपने के दौरान सिविल सोसाइटी के सचिव देवेंद्र सिंह राठौड़, अतुल तिवारी, इस्माइल खान, राजकुमार पासी, आशीष माहेश्वरी, संजय तिवारी, प्रियंका रघुवंशी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

## शिवमहापुराण कथा हो रहा आयोजन

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** श्री डिडौली मंदिर गंजबासौदा में पंडित विकास एलिया द्वारा श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन कलश यात्रा के पश्चात किया गया.कलश यात्रा श्री शीतला शक्ति धाम से डिडौली मंदिर पर पूर्ण हुई.प्रथम दिवस के सोपान में श्री शिव जी द्वारा अमर कथा का राज सर्वप्रथम माता पार्वती को सुनाई गई.कथा के अनुसार अमृत प्रदान करने वाली मनोरम कथा जिसमें माता पार्वती द्वारा किए गए.प्रश्नों के उत्तर श्री शिव जी द्वारा मार्मिक ढंग से दिए गए. जिसमें मुंडन की माला का धारण करना. श्री शिवरात्रि व श्रावण मास में किए गए धर्म का लाभ एवं सनातन के अनुसार जीवन के क्रियाकलाप करना श्रेष्ठ धर्म आचरण करना बताया गया.कथा के मुख्य अजमान श्री नीरज शर्मा एवं दिलीप शर्मा जी के साथ सभी धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित रहे.

## सेंट एसआरएस स्कूल में 15 छात्र बने स्वच्छता कप्तान



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** नगर पालिका परिषद द्वारा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों के अंतर्गत सेंट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, गंजबासौदा में 15 विद्यार्थियों को स्वच्छता कप्तान नियुक्त किया गया.ये सभी विद्यार्थी एनएसएस के छात्र हैं.स्वच्छता कप्तानों में प्रमुख रूप से सौरभ कुशवाह, भूपेन्द्र रघुवंशी, प्रियांशु लोधी, हिमांशु डांगी, नीतिक जैन, राहुल सेन, विवेक पटेरिया, आदित्य सेन, आशीष राजपूत, चेतन डांगी, रोशन मालवीय, कृष्णा रघुवंशी, राज प्रजापति, अंशुमान राजपूत, वीर पांडे शामिल हैं.ये स्वच्छता कप्तान अपने-अपने वार्डों में नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे.साथ ही सार्वजनिक स्थानों, चौक-चौराहों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई करेंगे. जो व्यक्ति खुले में कचरा फेंकते हैं अथवा अपने घरों व दुकानों में डस्टबिन नहीं रखते हैं, उन्हें प्रेरित कर डस्टबिन का उपयोग अनिवार्य रूप से कराया जाएगा.कार्यक्रम में स्वच्छता के सभी पैरामीटरों की जानकारी नगर पालिका के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी राजेश कुमार नेमा, आईईसी समन्वयक आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी से अभिषेक शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा स्वच्छता कप्तानों को भली-भांति प्रदान की गई.इस अवसर पर सेंट एस.आर.एस. स्कूल के डायरेक्टर के.एस. यादव, प्राचार्य उमेश यादव तथा के.एस. चौहान उपस्थित रहे.

## विश्व एनीमिया दिवस पर लगा शिविर, हुई जांच




नवभारत न्यूज

**विदिशा, विश्व एनीमिया /खून की कमी जागरूकता दिवस - दुनिया भर में खून की कमी एक महामारी के रूप में मौजूद है. इस अवसर पर विदिशा में इंडियन अकैडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स , इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, एवं मेडिकल कॉलेज के शिशु विभाग , जिला स्वास्थ्य विभाग एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं जिला क्षय संघ के संयुक्त तत्वावधान में में मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस स्टूडेंट के लिए एनीमिया रोकथाम हेतु संगोष्ठी एवं स्थानीय राजमाता विजया राजे सिंधिया अग्रणी महा विद्यालय विदिशा के साइंस ब्लॉक में कॉलेज की छात्राओं के लिए खून की कमी निदान हेतु हीमोग्लोबिन रक्त परीक्षण शिविर एवं जागरूकता हेतु संगोष्ठी आयोजित की गई.**

शिशु रोग विशेषज्ञ एवं बच्चों की अखिल भारतीय संस्था इंडियन अकैडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स के राष्ट्रीय एग्जीक्यूटिव बोर्ड के सदस्य डॉ एम के जैन ने बताया कि खून की कमी एक महामारी के रूप में पूरी दुनिया में मौजूद है और लगभग 150 करोड़ लोग खून की कमी के शिकार हैं. लेकिन बिडवंबना ही है कि आधे से अधिक मरीज हमारे देश में ही मौजूद है इसलिए 13 फ़रवरी को विश्व भर में विश्व एनीमिया/खून की कमी /रक्त अल्पता जागरूकता दिवस हर साल पूरी दुनिया में जागरूकता एवं खून कमी दूर करने के लिए हर वर्ष 13 फ़रवरी को आयोजित किया जाता है. इस वर्ष -मजबूत ब्लड , मजबूत बच्चे और मजबूत देश की थीम के तहत और 13 तारीख को एक आदर्श हीमोग्लोबिन 13 द्दद्य /डेसी लीटर के स्तर को बनाए रखने के लिए आयोजित किया गया है . डॉ जैन ने आगे बताया कि सोना , चाँदी के जेवर की जगह लोहे के जेवर का उपयोग महिलाओं को ज़्यादा स्वास्थ्य कारी हो जाता है जब अपने भोजन में लौह तत्वों की मात्रा सेवन उचित मात्रा में करती है और खून की कमी को दूर करती हैं.इस अवसर पर डॉ नीति अग्रवाल,डॉ सुरेंद्र सोनकर,डॉ राजीव जैन, डॉ समीर किरार, डॉ श्रेयस पिपलिया, डॉ अरोड़ा ,डॉ नीता पांडे , डॉ नीतू डांगी एवं डॉ शांता अहिरवार आदि मौजूद रहे.

## 10वीं उर्दू की परीक्षा में 253 परीक्षार्थी हुए शामिल, कोई अनुपस्थित नहीं, 10 केंद्रों पर हायर सेकेंड्री की परीक्षा

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** सिरोंज विकासखंड में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में पहले दिन शुक्रवार को उर्दू विषय की परीक्षा में 253 परीक्षार्थी शामिल हुए. इस दौरान कोई भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं रहा. जबकि सिरोंज विकासखंड में पहले दिन परीक्षा में कोई नकल प्रकरण नहीं बना है. जबकि हायर सेकेंड्री की भौतिक शास्त्र में 553 में से 551 उपस्थित रहे. 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. तथा अर्थशास्त्र में 878 में से 860 उपस्थित रहे. 18 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे.

बीईओ उमेश सोनी से मिली जानकारी के अनुसार सिरोंज विकासखंड में शुक्रवार से हाई स्कूल की परीक्षा शुरू हुई. सिरोंज विकासखंड के 7 परीक्षा केंद्रों पर पहले दिन शुक्रवार को उर्दू विषय की परीक्षा संपन्न हुई. जिसमें सिरोंज विकासखंड में दर्ज 253 परीक्षार्थियों में से पहले दिन उर्दू विषय की परीक्षा में सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहे. वही विकासखंड में कोई नकल प्रकरण नहीं बना. जबकि 13 फरवरी को ही 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र आदि की परीक्षा भी संपन्न हुई. उन्होंने बताया कि सिरोंज विकासखंड में हाई स्कूल की परीक्षा 11 केंद्र तथा हायर सेकेंडरी की परीक्षा 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हुई. जिनमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरोंज, सांदीपनि स्कूल सिरोंज, सरस्वती शिशु मंदिर सिरोंज, श्रीमती गंगा बाई स्कूल सिरोंज, शुभ लाभ स्कूल सिरोंज, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीपनाखेड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगवंतपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुगलसराय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरेंठा एवं नवांकुर पथरिया परीक्षा केंद्र शामिल है.

## छत्री नाका पर युवक ने किया हंगामा

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** स्थानीय छत्री नाका क्षेत्र में शुक्रवार की शाम को एक युवक द्वारा हंगामा खड़ा कर दिया गया. जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. जिसमें युवक वाहन एवं कुछ लोगों को भी लाठी मारते हुए दिखाई दे रहा है. इस दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंची.

**प्रदर्शन**

### अमेरिका से कृषि ट्रेड डील के खिलाफ कांग्रेस का जिलेभर में विरोध प्रदर्शन

# शिवराज के चौराहों पर जले पुतले, कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने उठाया

नवभारत न्यूज

**विदिशा, अमेरिका से कृषि ट्रेड डील के खिलाफ आज सुबह से कांग्रेस नगर अध्यक्ष रवि साहू के नेतृत्व में शहर के चौराहो पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया जा रहा था। इसी क्रम में सिविल लाइन पुलिस ने नगर अध्यक्ष रवि साहू और कांग्रेस कार्यकर्ताओ को चुंगी नाका चोराहा से गिरफ्तार कर लिया. तब तक शहर में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर कार्यकर्ताओ द्वारा पुतले फूँके जा चुके थे , सुबह 10 बजे पीतल मिल चौराहा से पुतला दहन करना कोंग्रेस कार्यकर्ताओ ने प्रारंभ किया जो बंटी नगर चौराहा , अहमदपुर चौराहा , रवि शंकर चौराहा , रायपूरा नई बस्ती , पूरन पूरा चौराहा पर पुतला दहन करते हुए चुंगी नाका चोराहा पर स्थानीय वार्ड के कार्यकर्ताओ के साथ पुतला दहन कर रहे थे , वहा से सिविल लाइन थाने की पुलिस ने नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओ को गिरफ्तार कर थाने ले गये.**

नगर अध्यक्ष रवि साहू की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता थाने पहुंच गए. कार्यकर्ताओं ने पुलिस कार्रवाई का विरोध किया और नगर अध्यक्ष रवि साहू को तत्काल रिहा करने की मांग की. लेकिन पुलिस ने जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के साथ ,पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह ,



आनंद प्रताप सिंह , अर्पित उपाध्याय , अरुण अवस्थी, रामराज दांगी ,वैभव भारद्वाज , राज कुमार पांसी ,ब्रजेन्द्र वर्मा , पर्वत गोण, अशरफ खान, गोविन्द भार्गव ,संतोष चिढ़ार , ,बंटी सक्सेना, रूपसिंह किरार ,अप्पू अहिरवार , मुबीन शिशगर, राहुल रघुवंशी, गोलू रघुवंशी ,बाबू पाल , श्याम रघुवंशी , नीरज रघुवंशी ,राजू मालवीय ,शैलेन्द्र रघुवंशी , फज़्ल शेख, बद्री यादव , सुमित पाल , गोलू शर्मा , हरदयाल शर्मा, सहित आनेक कांग्रेस नेताओ को थाने में बिठा लिया.जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन था , लेकिन प्रशासन द्वारा दबाव बनाकर कार्रवाई की जा रही है जो लोकतंत्र की हत्या हैं , भारत और अमेरिका के बीच जो ट्रेड डील मोदी सरकार ने की है, उसमें देश के किसानों के हितों का सौदा कर दिया गया है.नगर कॉंग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने कहा की अमेरिका के साथ कृषि व्यापार का मोदी सरकार का ये कैसा समझौता है ? देश के लाखो लोग अपनी आजीविका के लिए खेती पर निर्भर है, एसे में किसानो के लिए खेती से लागत निकालना भी मुश्किल हो जायेगा. उन्होंने पुलिस कार्यवाही को सरकार की दमनकारी निति बताया.प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह ने कहा की अगर मोदी सरकार ने अपना ये किसान विरोधी फैसला वापस नहीं लिया तो कॉंग्रेस देशव्यापी आंदोलन करेंगी और किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेंगी.जिला कॉंग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा की किसानो के हितों से समझोता किसी भी कीमत पर देश स्वीकार नहीं करेंगा.

**नटेरन**-मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी जी के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नटेरन की समस्त ग्राम पंचायत में केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका के द्वारा जो ट्रेड डील की गई किसानों हित की रक्षा के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया. नटेरन में उपस्थित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद शर्मा वरिष्ठ नेता रमेश तिवारी रामसेवक रघुवंशी ओम प्रकाश जाटव जी रामस्वरूप जाटव विकास अहिरवार नीलेश रघुवंशी प्रदीप रघुवंशी वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित रहे.

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुरवास में जलाया कृषि मंत्री का पुतला

जिले में पंचायत स्तर पर भारत अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में मुरवास बस स्टैंड पर भी केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन कर कार्यक्रम को सफलता आयोजित किया गया.कांग्रेस नें भारत और अमेरिका ट्रेड डील को किसान विरोधी बताया.इसी क्रम में युवा कांग्रेस पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सिरोंज असगर खान के नेतृत्व में मुरवास बस स्टैंड पर शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन कर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया जिसमें भारत और अमेरिका ट्रेड डील को लेकर मुरवास बस स्टैंड पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं नें विरोध प्रदर्शन कर भारत और अमेरिका ट्रेड डील को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई.पूर्व विधानसभा अध्यक्ष असगर खान, नें बताया कि भारत अमेरिका ट्रेड डील से आने वाले समय में भारतीय किसानों पर इसका दुष प्रभाव पड़ेगा और इस व्यापारिक डील से अमेरिका अपनी कृषि उत्पादक वस्तूएं जैसे, अनाज, दूध, मक्का सोया तेल फल, भारतीय बाजार में निर्यात करेगा जबकि भारत पहले से एक कृषि प्रधान देश है!यहां पर कृषि उत्पादक बस्तुएं पहले से ही उत्पादन हो रही हैं! जिससे भारतीय किसानों,को उनकी वस्तूएं के दाम उचित नहीं मिलेंगे.कमर तोड़ने जैंसी यह डील है कांग्रेस पार्टी और किसान इसका विरोध कर रहे हैं इसको तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाये.

### कुरवाई में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन,पुतला दहन को लेकर विवाद बढ़ा

कुरवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में उग्र प्रदर्शन करते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन करने का प्रयास किया. यह प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के आह्वान पर आयोजित किया गया. कार्यक्रम के दौरान स्थिति तनावपूर्ण हो गई और कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा पुलिस के बीच तीखी झड़प देखने को मिली.बता दें कि बीना तिराहे पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे. वॉर्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4 और 5 के कार्यकर्ता पुतला दहन के लिए एकत्रित हुए.हालांकि प्रशासन पहले से मुस्तैद था और पुलिस बल मौके पर तैनात रहा. जैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन का प्रयास किया, पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिससे माहौल गरमा गया. नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जफर शेख ,मजाज मोहम्मद, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष, रानी अहिरवार जिला परिषद सदस्य, सीमा अहिरवार जिला परिषद सदस्य, इरफान काजी नगर परिषद उपाध्यक्ष आबिद खान पूर्व पार्षद, पार्षद अन्नू काशिफ, पार्षद लाल पेंटर , पार्षद सुरेंद्र अहिरवारमौजूद रहे हैं.

### गंजबासौदा में भी हुआ प्रदर्शन



गंजबासौदा में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला जलाया.ट्रेड डील पर जताया आक्रोश पूर्व विधायक निशंक जैन के नेतृत्व में जय स्तंभ चौक पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला जलाया और आरोप लगाया यह सरकार किसान तथा व्यापारी विरोधी है.कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और ट्रेड डील पर अपने विचार व्यक्त किया.

### पठारी में कांग्रेस ने पंचायत स्तर पर शिवराज सिंह का पुतला फूंका

कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार और अमेरिका की अव्यहारिक किसान विरोधी डील के विरोध में केंद्रीय कृषि मंत्री का पंचायत स्तरीय पुतला दहन किया. इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस में पुतला की छीना झपटी की गई.कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की राष्ट्र विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच में की गई डील को कांग्रेस पार्टी ने अव्यावहारिक, राष्ट्र विरोधी, जन विरोधी, व्यापार विरोधी और किसान विरोधी करार देते हुए विरोध दर्ज किया. कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के आह्वान पर क्षेत्र की ग्राम पंचायत पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया. कार्यक्रम समन्वयक एवं जिला पंचायत सदस्य रानी अहिरवार के निर्देशन में क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत पर कार्यक्रम प्रभारी के नेतृत्व में पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जब पठारी बस स्टैंड पर कार्यक्रम प्रभारी अजय सिंह गढ़ी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन कार्यक्रम किया जा रहा था. इसी दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच में पुतला को लेकर खींचतान हुई. जिसमें पुलिस ने पुतला छीनने में सफलता हासिल की.

**ग्यारसपुर**-ब्लॉक ग्यारसपुर की समस्त ग्राम पंचायतों में देश के किसानों का दमन करने वाली ट्रेड डील के विरोध में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह जी का सभी पंचायतों में एक साथ पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया.यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माननीय प्रभारी हरीश चौधरी जी, माननीय अध्यक्ष जीतू पटवारी जी, सह-प्रभारी संजय दत्त जी, संगठन मंत्री संजय कामले जी एवं जिला कांग्रेस के प्रभारी प्रभु सिंह ठाकुर जी के निर्देशानुसार तथा जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी जी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया है.जिसमें प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों का पूर्ण पालन किया तथा संगठन की एकजुटता, प्रतिबद्धता एवं मजबूती का प्रभावी संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया.